# पेप्सी उधार न देने पर पेट्रोल डालकर लगाई आग

**तीन आरोपियों ने दुकानदार पर किया हमला गंभीर रूप से झुलसे**

**देवास।** के ग्राम तालोद स्थित एक किराना स्टोर में गुरुवार शाम करीब 6 बजे तीन आरोपियों ने पेट्रोल फेंककर आग लगा दी। इस घटना में दुकानदार फूलसिंह सिसोदिया और उनका भतीजा गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस ने फरियादी के बयान पर आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

पुलिस के अनुसार, फरियादी फूलसिंह सिसोदिया (41) लक्ष्मी किराना स्टोर्स चलाते हैं। गुरुवार को दिन में करीब 4 बजे आरोपी गोविंद का भांजा दुकान पर 5 रुपए की पेप्सी उधार लेने आया था। फूलसिंह ने उसे अपने मामा को भेजने के लिए कहा, जिसके बाद वह चला गया। शाम करीब 6 बजे गोविंद पिता फूलसिंह टकवाणा अपने दोस्त कृष्णपाल इंदरसिंह गोयल और आदर्श सोभालसिंह सेंधव के साथ दुकान पर पहुंचा। उन्होंने फूलसिंह को गालियां देते हुए कहा, साले तू मुझे नहीं पहचानता। इसके बाद गोविंद ने पेट्रोल से भरी पॉलिथीन फूलसिंह पर फेंक दी, जो काउंटर पर गिरी और फैल गई। आरोपियों ने



माचिस की तीली जलाकर फेंकी, जिससे काउंटर और फूलसिंह के कपड़ों में आग लग गई। आग लगते ही फूलसिंह दौड़कर बाथरूम में गए, जहां उनकी पत्नी और बहन ने पानी डालकर आग बुझाई। तब तक उनके दोनों पैर जांघ तक और दोनों हाथ कोहनी तक जल चुके थे। दुकान में पीछे बैठे भतीजे राज पर भी थोड़ा पेट्रोल गिरने से उसका एक पैर और एक हाथ झुलस गया। घटना में दुकान का काउंटर और कुछ सामान भी जल गया। पुलिस ने फरियादी के बयान पर धारा 109, 296(बी) और 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। घायलों का एक निजी अस्पताल में इलाज कराया गया है।सोनकच्छ थाना प्रभारी अजय सिंह गुर्जर ने बताया कि तीनों आरोपी गोविंद, कृष्णपाल और आदर्श के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है और उनकी तलाश की जा रही है।

# टेकरी मंदिर में श्रद्धालुओं को फुहारों से मिल रही राहत

**40 डिग्री गर्मी के बीच बड़ी माता मंदिर में लगाया गया विशेष कूलिंग सिस्टम**



**देवास।** जिले में पड़ रही भीषण गर्मी और 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच टेकरी स्थित बड़ी माता मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। माता के दर्शन के लिए लंबी सीढ़ियां चढ़कर पहुंचने वाले भक्तों को अब ठंडी पानी की फुहारों से राहत मिल रही है।

नाथ संप्रदाय पुजारी परिवार ने मंदिर परिसर में एक विशेष फव्वारा और ड्रिप लाइन सिस्टम स्थापित किया है। मंदिर के सामने लगाए गए इस सिस्टम से लगातार पानी की बारीक फुहारें निकल रही हैं, जो दर्शनार्थियों को गर्मी से ठंडक पहुंचा रही हैं।

महंत विनय नाथ, महंत विशाल नाथ, महंत कृष्णनाथ और महंत राजेंद्र नाथ ने बताया कि यह व्यवस्था तेज गर्मी को देखते हुए की गई है। इसका उद्देश्य श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान किसी भी प्रकार की परेशानी से बचाना है।

श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की है। उन्होंने बताया कि भीषण गर्मी में यह व्यवस्था उनके लिए काफी राहत और सुकून भरी है।

### एक नजर में

## पुलिसकर्मी ने किया अवैध कब्जा, नहीं हो रहा सीमांकन

**देवास।** ग्राम पालनगर निवासी जशोदाबाई यादव ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया कि मेरे स्वामित्व की ग्राम पालनगर प.हन-57 तहसील देवास स्थित सर्वे नं- 650/4/2 रकबा 0.079 हेक्टेयर की भूमि स्थित है मेरे द्वारा अपनी इस भूमि का सीमांकन करवाने हेतु नगरीय तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया था तहसीलदार के द्वारा मेरी भूमि का सीमांकन करने हेतु राजस्व निरिक्षक एवं हल्का पटवारी को दिनांक 17/05/2025 को आदेशित किया है। मेरे द्वारा हल्का पटवारी से सीमांकन किये जाने हेतु कई बार सम्पर्क किया परंतु हल्का पटवारी अजय दायमा के द्वारा मेरी भूमि का सीमांकन करने से इंकार कर दिया और सीमांकन नही किया जा रहा है। वर्तमान में भूमि पर कोई फसल नही है खुली भूमि स्थित है। ऐसी स्थिति में आदेश अनुसार मेरी भूमि का सीमांकन करवाया जावे। इसके पुर्व भी मेरे द्वारा दिनांक 08/05/2025 को आवेदन दिया गया था परन्तु कोई कार्यवाही नही की गई है। रघुनंदन मुकाती हमारी भूमि का सीमांकन नहीं होने दे रहा है और पटवारी से सांठ-गाठ कर ली है। संबंधित पटवारी द्वारा मेरे पति के आधिपत्य की कृषि भूमि को शासकीय अधिग्रहण कर ली गई ऐसा पटवारी द्वारा मुझ आवेदिका को बताया गया है, इस प्रकरण की भी जांच तटस्थ अधिकारी से की जावे। तथा जांच उपरांत संबंधित पटवारी पर वैधानिक कार्यवाही की जावे । मुझ प्रार्थीया की कृषि भूमि पर एक पुलिस कर्मी द्वारा भी अवैध कब्जा कर रखा है। आवेदन में मांग की गई कि मेरे पति के आधिपत्य की कृषि भूमि के सीमांकन के आदेश संबंधित पटवारी को दे एवं उक्त पुलिस कर्मी रघुनंदन मुकाती से हमारी कृषि भूमि मांगने जाते है तो हमें झूठे प्रकरणों में फंसाने की धमकी देता इसकी जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जाए।

## घरेलू हिंसा के प्रकरण का किया निराकरण




**सोनकच्छ।** पुष्पगिरी के समीप न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रथम जिला न्यायाधीश राघवेन्द्र सिंह चौहान द्वारा नेशनल लोक अदालत के कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र सम्मुख दीपप्रज्वलन व माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश दशरथ सिंह भिड़े, परिधि गुप्ता, प्राची गुणवान, सहित अधिवक्ता, विद्युत मंडल, बैंक, नगर परिषद, पुलिस प्रशासन, फाइनेंस कंपनी, न्यायालयीन कर्मचारीगण, विधिक सेवा कर्मचारी, पैरालीगल वालेंटियर, पक्षकारगण, आमजन आदि उपस्थित रहें। कार्यकम में उपस्थित लोगों को न्यायाधीश चौहान द्वारा संबोधित किया। नेशनल लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों की चार खंडपीठों का गठन किया गया। पक्षकारों को पौधे भी वितरित किए गए। लोक अदालत में चौहान की कोर्ट में मोटरयान दुर्घटना दावा के 1 प्रकरण का निराकरण हुआ। जिसमें 2 लाख 70 हजार का अवार्ड पारित हुआ। विद्युत मंडल के 9 लिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिसमें कुल राशि 2 लाख, 18 हजार रूपए जमा हुई। 1 भूमि अधिग्रहण व 1 हिन्दु विवाह के प्रकरण का निराकरण हुआ। न्यायाधीश भिडे की कोर्ट में 14 आपराधिक प्रकरण,1 एमजेसीआर, 05 चेक बाउंस के प्रकरण का निराकरण हुआ। न्यायाधीश परिधि गुप्ता की कोर्ट में 13 आपराधिक प्रकरण व 1 सिविल प्रकरण का निराकरण हुआ। न्यायाधीश गुणवान की कोर्ट में 5 आपराधिक प्रकरण, 5 चेक बाउंस के प्रकरण, 1 सिविल व 1 घरेलू हिंसा के प्रकरण का निराकरण हुआ।

## जिलाबदर का नोटिस देने पर उबला राजनीतिक पारा

**देवास।** मध्य प्रदेश में सत्ता के संरक्षण में विपक्ष के नेताओं को टारगेट करने और उनकी आवाज को दबाने की कोशिशों के विरोध में आज जिला कांग्रेस कमेटी ने मोर्चा खोल दिया है। जिला कांग्रेस संगठन महासचिव और शहर के प्रबुद्ध अधिवक्ता जितेंद्र सिंह गौड़ को जिला प्रशासन द्वारा राजनीतिक द्वेषवश जिला बदर का नोटिस थमाए जाने के बाद पूरे जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष (ग्रामीण) मनीष चौधरी एवं जिला अध्यक्ष (शहर) प्रयास गौतम के संयुक्त नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिलाधीश (कलेक्टर) कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और प्रशासन की इस एकतरफा कार्रवाई को अघोषित आपातकाल करार दिया। जिला अध्यक्ष मनीष चौधरी ने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि, जितेंद्र सिंह गौड़ कोई अपराधी नहीं, बल्कि देवास की जनता के अधिकारों के रक्षक हैं। छात्र राजनीति से लेकर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष के रूप में उन्होंने हमेशा किसानों, बेरोजगारों और पीड़ितों के लिए संघर्ष किया है। आज जब वे एक वरिष्ठ वकील के रूप में शासन की जनविरोधी नीतियों और शिक्षा के बढ़ते बाजारीकरण के खिलाफ मोर्चा खोले हुए हैं, तो सरकार उन्हें जिला बदर कर देवास से दूर करना चाहती है। यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या है। पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने तथ्यों के साथ प्रशासन की पोल खोलते हुए बताया कि जितेंद्र सिंह गौड़ पर दर्ज पुराने तमाम राजनीतिक प्रकरणों में न्यायालय द्वारा उन्हें दोषमुक्त किया जा चुका है।

# कंटूर ट्रेंचों से हर वर्ष होगा 18 लाख लीटर रिचार्ज

**जल गंगा अभियान के निरीक्षण में जिला पंचायत सीईओ ने दिलाई शपथ**




**देवास।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) ज्योति शर्मा ने जल गंगा संवर्धन एवं जल संचय जन भागीदारी अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस अभियान के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 18 लाख लीटर पानी भू-जल स्तर में रिचार्ज होगा, जिससे क्षेत्र में जल संकट कम होने की उम्मीद है।

सीईओ शर्मा ने जनपद पंचायत देवास की ग्राम पंचायत बरोठा सहित अन्य ग्रामों में जल संवर्धन के कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने विशेष रूप से पीर बड़ला गौशाला के समीप पहाड़ी क्षेत्र पर खोदी जा रही 550 कंटूर ट्रेंचों का निरीक्षण किया। इन ट्रेंचों का उद्देश्य बारिश के पानी को रोककर भू-जल स्तर को बढ़ाना है। ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए सीईओ शर्मा ने जल संरक्षण को केवल सरकारी नहीं, बल्कि एक सामाजिक जिम्मेदारी बताया। उन्होंने ग्रामीणों से जन-भागीदारी के माध्यम से नई जल संरचनाएं बनाने और पुरानी संरचनाओं के जीर्णोद्धार में सहयोग करने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को सामूहिक जल शपथ भी दिलाई। भ्रमण के दौरान, सीईओ ने पीर बड़ला स्थित गौशाला का भी अवलोकन किया और इसे एक आदर्श गौशाला बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला परिसर में जल संचयन और पर्यावरण सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त, शर्मा ने ग्राम पंचायत पर्वतपुरा और सिरोलिया में जल गंगा संवर्धन के तहत निर्मित अमृत सरोवर, खेत तालाब और डगवेल रिचार्ज जैसी संरचनाओं का भी निरीक्षण किया और उनमें सुधार के निर्देश दिए।

# मकान सूचीकरण कार्य में लापरवाही बरतने पर मेहरबानसिंह निलंबित

**देवास।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जनगणना 2027 मकान सूचीकरण जैसे अतिमहत्वपूर्ण राष्टीय कार्य में प्रगणक मेहरबानसिंह छावड़ी, प्रा.शि. प्रा.वि. रिछीखो द्वारा आज दिनांक तक भी मकानसूचीकरण के कार्य का प्रारंभ नहीं करने पर मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1966 के नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में मेहरबानसिंह छावड़ी, प्रा. शि. प्रा.वि रिछीखो का मुख्यालय तहसील कार्यालय खातेगावं रहेगा तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता होगी। कार्यवाही तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी खातेगांव के प्रस्ताव के आधार पर की गई।

# आईडीए का सीडीई कार्यक्रम आयोजित



**देवास।** इंडियन डेंटल एसोसिएशन देवास शाखा द्वारा 8 मई 2026 को सीडीई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं वक्ता के रूप में डॉ. अभिषेक सिन्हा उपस्थित रहे।

उन्होंने दैनिक दंत चिकित्सा में इम्प्लांट उपचार के क्लीनिकल पहलू विषय पर व्याख्यान देते हुए इम्प्लांटोलॉजी की आधुनिक तकनीकों, उपचार प्रक्रिया एवं व्यावहारिक उपयोग की जानकारी दी। व्याख्यान में चिकित्सकों को मरीजों के बेहतर उपचार हेतु महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए गए। कार्यक्रम में शाखा अध्यक्ष डॉ. नेहा आनंद, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. अनिमेष शर्मा, डॉ. वकार अहमद, डॉ. वरुण त्रिपाठी, डॉ. राहुल राठौर, डॉ. राहुल नागर, डॉ. चेतन जोशी, डॉ. विष्णु जायसवाल, डॉ. किरण मिश्रा, डॉ. अरुण परमार, डॉ. कुलदीप नागर, डॉ. रोहित यादव, डॉ. मुक्तेश महाजन, डॉ. हितेश नवरे, डॉ. अभिराज सोनी, डॉ. वैदिक पटेल एवं मानस वर्मा उपस्थित रहे। अंत में आभार प्रदर्शन डॉ. वरुण आनंद ने किया।

# रोगी कल्याण समिति की हुई बैठक

**स्वास्थ संबंधी कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए**



**बागली।** शनिवार को बागली विधायक मुरली भंवरा सहित क्षेत्र से जुड़े जन प्रतिनिधि एवं समाजसेवियों की उपस्थिति में सिविल हॉस्पिटल बागली में रोगी कल्याण समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी उक्त बैठक बागली विधायक मुरली भंवरा की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

रोगी कल्याण समिति की इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अमित नागर द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 - 26 का आय -व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया एवम आमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में स्वास्थ्य के संबंध में नए विकास कार्यों के ठहराव प्रस्ताव पारित किए हुए इस बैठक में बागली विधायक के साथ-साथ अखिल बडोला मोनू अजमेरा जयदीप उदावत कुंदन अशोक पटेल वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर हेमंत पटेल मेडिकल ऑफिसर प्रभारी परियोजना अधिकारी अनामिका राजपूत नर्सिंग ऑफिसर योगिता योगी बी ई ई आरएस चौहान आदि उपस्थित थे।

# बराती बनकर आई और दस लाख के गहने पर हाथ मारा

**देर रात तक नगर में निकला चल समारोह, अखाड़ा प्रदर्शन व सम्मान समारोह ने बांधा समां**



**कन्नौद।** एक वैवाहिक कार्यक्रम में बराती बनकर आई महिला के गहने बगैर बुलाई महिला ने बड़ी सफाई के साथ दस लाख के जेबर चोरी करने की सनसनीखेज घटना को शनिवार शाम एडिशनल एसपी सौम्या जैन और एस डी ओ पी आदित्य तिवारी ने एडिशनल आफिस में पत्रकार वार्ता में खुलासा किया।

घटना 6 मई को कांटाफोड़ के एक निजी स्कूल द सुजान पव्लिक विद्यालय में राठौड़ परिवार में बेटी की शादी थी उसी में बारात बाहर से आई थी उसमें एक महिला कार्यक्रम समाप्त के बाद स्कूल ग्राउंड में बैठी थी उस समय अपने पहने सोने के जेवरात निकाल कर पास ही रख दिए थे जो कोई अज्ञात व्यक्ति ने चुराया है इस घटना की सूचना एक महिला ने थाना कांटाफोड़ में आकर बताई जहां कार्यवाहक थानाप्रभारी मलखान सिंह ने सुनकर तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारी को सूचना दी गई। जिला पुलिस अधीक्षक ने घटना पर तत्काल एडिशनल एसपी सौम्या जैन को निर्देशित किया कि प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच शुरू करते हुए पुलिस आधुनिक तकनीकी के साथ तत्कालीन घटना स्थल में उपस्थित साक्ष्यों के साथ सी सी केमरे और विवाह कार्यक्रम की विडियो रिकॉर्डिंग के साथ संधिग्ध व्यक्ति की तलाश शुरू की गई। फरियादी ने खुले मैदान का जिक्र किया तो उनके आसपास एक सधिंग्ध महिला चिन्हित कर तकनीकी संसाधनों को देखते हुए मात्र 48 घंटे में ना सिर्फ आरोपी महिला को गिरफ्तार किया वरन चोरी गये सोने का हार कान के दो जोड़ी झुमके वजन 06,05 तोला अनुमानित कीमत दस लाख रुपये,नगदी रूपये 4645 जो पर्स में रखें थे चोरी हो गये थे बरामद किया। जिसका अपराध क्रमांक 178/2026 धारा 303/2/ बीएनएस का दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। आरोपी की पहचान के लिए मीडिया के ग्रुप और पुलिस सहयोगी के साथ आसपास थानों पर भी सिनाख्ती के लिए प्रचारित किया गया। आरोपी सतवास थाना क्षेत्र की होकर महिला अपराधी होने से पहचान गुप्त रखी गई है।

# जवान मौत के उपरांत मृत्यु भोज नहीं करने का लिया निर्णय

**बागली।** बागली नगर में 4 मइ को समाजसेवी सेवानिवृत्त बैंक कर्मचारी मांगीलाल योगी के दामाद एवं सुनील योगी अनिल योगी के बेहनोइ राजेंद्र योगी का 50 वर्ष की उम्र में असमय मस्तिष्क अपघात के चलते निधन हो गया। बगली नगर वासियो की उपस्थिति में शोक सभा रखी गई।

इसमें नगर के सभी वरिष्ठ एकत्रित हुए जिनमें शामिल बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र ईनाणी प्रवीण चौधरी सूर्य प्रकाश गुप्ता जिला पंचायत सदस्य कमल मस्कोले अधिवक्ता संदीप यादव वरिष्ठ चिकित्सक डॉ अमित नगर



डॉ हेमंत पटेल डॉ सोलंकी संकुल प्रभारी महेश गोस्वामी ब्लॉक ऑफीसर एन पी सिंगं सांदीपनी स्कूल के प्राचार्य प्रकाश डाबी बोल बम कावड़ यात्रा के गिरधर गुप्ता गायत्री परिवार से जुड़े मुकेश गुप्ता आशीष गुप्ता विजय यादव राकेश नागोरी वारिस अली कैलाश गुप्ता व्यापारी राजेश बजाज धर्मेंद्र गुरु भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शोभा गोस्वामी दाखा कारपेंटर शीला राठौर लेखराज शिवहरे सेंट जॉन स्कूल के प्रबंधक सोनी एंटोनी गोपाल पंचोली दिनेश सिसोदिया सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और समाज सेवी भी उपस्थित रहे सभी ने शोक संवेदनाएं देते हुए जवान मौत पर मृत्यु भोज जैसी रूढ़िवादी प्रथा को नहीं करने की सलाह दी और इस बात के लिए उनकी पत्नी शिक्षिका निशा योगी तथा मृतक के माता-पिता को भी समझाया सभी की बात मानकर परिवार द्वारा मृत्यु भोज नहीं करने का परिवार में लड़का नहीं होने की स्थिति में मृतक राजेंद्र योगी की पुत्री चितराक्षी योगी एवं लवली योगी द्वारा मुखाग्नि दी गई।

# नेशनल लोक अदालत में सुलझे विवाद

**देवास।** शनिवार को आयोजित नेशनल लोक अदालत में कई पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद सुलझाए गए। कुटुंब न्यायालय में गहन काउंसलिंग और समझाइश के बाद अलगाव की कगार पर पहुंचे कई दंपत्तियों ने फिर से साथ रहने का फैसला लिया। बच्चों के भविष्य और परिवार को ध्यान में रखते हुए जोड़ों ने अपने मतभेद भुलाकर रिश्तों को नई शुरुआत दी।लोक अदालत में ऐसे कई दंपत्ति पहुंचे थे, जिनके बीच लंबे समय से विवाद चल रहा था। काउंसलिंग के दौरान न्यायालय ने दोनों पक्षों को समझाइश दी और रिश्तों को बचाने का प्रयास किया। कुछ मामलों में पतियों ने अपनी गलतियां स्वीकार करते हुए पत्नियों का सम्मान करने और जीवनभर साथ निभाने का वादा किया। कई दंपत्तियों ने एक-दूसरे का हाथ थामकर और माला पहनाकर रिश्ते को नई शुरुआत दी।लोक अदालत में प्रेम विवाह करने वाले ऐसे जोड़े भी पहुंचे थे, जिनके रिश्ते विवादों के कारण टूटने की स्थिति में पहुंच गए थे।

# निगमायुक्त ने किया वार्ड 19-20 का निरीक्षण



**देवास।** वार्ड 19 एवं 20 का आयुक्त दलीप कुमार ने औचक निरीक्षण किया। आईटीआई चौराहा पर फव्वारे को भी देखा तथा उसमे सुधार करने हेतु कहा। वहीं आईटीआई कालेज के पास पान की गुमटी व ठेले हटाने के साथ ही आयुक्त द्वारा शासकीय व अशासकीय स्कुलों के आसपास 2 सौ मीटर की दूरी पर तंबाकु आदि का विक्रय करने पर तंबाकु नियंत्रण अधिनियम 2003 (कोटपा) के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई करने के निर्देश स्वच्छता निरीक्षक भूषण पवार को दिए तथा रोड स्वीपींग तथा खुले स्थानों पर कचरा पाये जाने पर दरोगा को सफाई करवाने का कहा।

वार्ड 19 में नाले पर दोनो ओर जाली लगाने के निर्देश दिए तथा वार्ड में स्थित गार्डन को भी देखा तथा आसपास पडे सीएनडी वेस्ट को हटाने हेतु कहा। स्वास्थ्य अधिकारी सौरभ त्रिपाठी को सर्वेक्षण के तहत सभी तैयारियों पर फोकस करने हेतु निर्देश दिए। आयुक्त ने सार्वजनिक स्थलों पर शौचालय, मुत्रालयों की सफाई प्रतिदिन करवाने के साथ ही वार्डो की नाला, नालियों की सफाई करने तथा नाला, नाली से निकलने वाली गाद को भी निगम के संसाधनों से तत्काल उठवाने के निर्देश दिए।

**एक नजर** ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन अभियान

# महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए जागरूकता-व्याख्यान का आयोजन




**देवास।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 9 मई को मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग के निर्देशानुसार ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन अभियान के तहत व्याख्यान किया गया।

आयोजन प्राचार्य डॉ एसपीएस राणा के मार्गदर्शन में इतिहास विभाग द्वारा एवं आइक्यूएसी के तत्वाधान में विद्यार्थियों में भारत की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पुरा-धरोहर प्राचीन पांडुलिपियों के सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटली-करण के संदर्भ में व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य उक्त मिशन के उद्देश्यों के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाना रहा है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आर एस अनारे की अध्यक्षता में कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ प्रमिला शेरे, सहायक प्राध्यापक इतिहास, शासकीय स्नातक महाविद्यालय टोकखुर्द रही। विशेष अतिथि के रूप में डॉ राजेंद्र भेवेंदियां, प्रभारी प्राचार्य शासकीय स्नातक महाविद्यालय टोंकखुर्द ने मंच सांझा किया। डॉ रश्मि ठाकुर विभागध्यक्ष (इतिहास विभाग) ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की ज्ञान भारतम् पांडुलिपि मिशन भारत की हस्तलिखित विरासत का सर्वेक्षण दस्तावेजीकरण संरक्षण एवं डिजिटलाइजेशन के उद्देश्यों को विद्यार्थियों के मध्य रखा। डॉ प्रमिला शेरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि हस्तलिखित पांडुलिपियां प्रारंभ से ही भारतीय ज्ञान के मूल स्रोत के रूप में महत्व रखती हैं। शासन द्वारा उनके सर्वेक्षण, दस्तावेजीकरण एवं डिजिटली करण का कार्य वृहद स्तर पर किया जा रहा है,जिसके लिए छात्रों-सामान्य जन को जागरूक किया जाना अत्यंत आवश्यक है।